राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http//the.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdplan.cce@gmail.com Phone : 0141-2706847 (o)

क्रमांकः एफ4(15)आयो/आकाशि/विधि महाविद्यालय/2023–24/–07783 **दिनांकः**

:– आदेश –:

माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा वर्ष 2023–24 की अनुपालना में प्रदेश में 03 राजकीय विधि महाविद्यालय, दौसा, चितौडगढ़ एवं नावां (नागौर) खोले जाने की प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति वित्त विभाग की आईडी संख्या 152300713 दिनांक 12.04.2023 के अनुसरण में राज्य सरकार के आदेश दिनांक 13.04.2023 द्वारा जारी की गई है।

उक्त स्वीकृति आदेश की बिन्दु संख्या (3) में प्रदत्त परामर्श के अनुसरण में नवीन राजकीय विधि महाविद्यालय, दौसा, चितौडगढ़ एवं नावां (नागौर) हेतु पुस्तकें एवं पत्र पत्रिका क्रय किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय बजट मद 2202–03–103–02–00–31, पुस्तकालय एवं पत्र पत्रिकाओं पर व्यय मद में प्रावधित राशि रूपये 15.00 लाख में से राशि रूपये 3.00 लाख (प्रति महाविद्यालय राशि रूपये 1.00 लाख) व्यय किये जाने की स्वीकृति एतत् द्वारा प्रदान की जाती है।

नवीन विधि महाविद्यालयों हेतु नियुक्त नोडल महाविद्यालय नवीन विधि महाविद्यालयों की न्यूनतम आवश्यकता, स्थान की उपलब्धता एवं अध्ययनरत छात्रों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए उक्त राशि का व्यय RTPP ACT 2012, RTPP Rule 2013, GF&AR एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के अनुसार किया जाना, स्वीकृत मद में स्वीकृत कार्य हेतु दी गई सीमा में ही राशि का उपयोग किया जाना एवं व्यय की गई राशि की सूचना आयुक्तालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

–हस्ताक्षरित–
(सुनील शर्मा)
आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय–1)विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (बजट)विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. संबंधित प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, राजस्थान।
6. मुख्य लेखाधिकारी, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
7. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने बाबत।
8. रक्षित पत्रावली।

Signature valid

Digitally signed by Sunil Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2023.08.23 1?:36:50 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4517335